Demand to grant GI Tag to Sojat Henna and establishment of ESIS and ESIC Hospital in Sojat region

श्री पी. पी. चौधरी (पाली) : सभापति महोदय, धन्यवाद। मेरे लोक सभा क्षेत्र में सोजत मेहंदी विश्व प्रसिद्ध है। यहां की मेहंदी का अनोखा रंग इसे विश्व प्रसिद्ध बनाता है और यह विशेष रंगद्रव्य इस क्षेत्र की मिट्टी एवं विशेष जलवायु से मिलता है। सोजत की मेहंदी के उद्योग में 160 से अधिक फैक्ट्रियों में हजारों की संख्या में लोग काम करते हैं और यही इनकी जीवन रेखा है। सोजत के साथ जैतारण, मारवाड़ जंक्शन, बिलाड़ा क्षेत्र में भी मेहंदी की खेती होती है। यहां के लोगों ने सोजत को मेहंदी नगर बनाने हेतु बहुत मेहनत की, जिसका बाजार एक हजार करोड़ रुपये से भी अधिक है।

महोदय, हमारे सोजत की मेहंदी को जीआई टैग का हक देने के लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। इनकी बदौलत यहां के उद्योग को एक और नई उड़ान मिलेगी।

महोदय, सोजत मेहंदी उद्योग एक बढ़ता हुआ उद्योग है और पिछले वर्ष में तेजी से बढ़ा।

माननीय सभापति **:** आप अपनी मांग रखिए।

श्री पी. पी. चौधरी **:** जीआई टैग प्राप्त होने के बाद इस उद्योग में कार्यरत लोगों की संख्या में बहुत बढ़त हुई है और बढ़ रही है। यहां के हजारों श्रमिकों के इलाज एवं सुरक्षा हेतु कोई इम्प्लॉयी स्टेट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन या इम्प्लॉयी स्टेट इंश्योरेंस स्कीम के तहत अस्पताल नहीं है। यहां पर ईएसआईएस और ईएसआईसी का कोई भी अस्पताल नहीं है। इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय श्रम मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि सौजत में एक ईएसआईएस और ईएसआईसी अस्पताल की स्थापना की जाए।